संख्या- 08/2025-26

(वाद) का प्रकार- दाखिल खारिज (तुलेश्वर राणा एवं अन्य बनाम चौधरी साव एवं अन्य)

अंचल- पत्थलगडा जिला-चतरा

| आदेश की संख्या एवं तारिख | आदेश एवं पदाधिकारी, का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी सहित तारिख |
|---|---|---|
| 26/5/2025 | दाखिल खारीज वाद सं0-08/2025-26 द्वारा क्रेता श्रीमति मिना देवी पति चन्द्रमणी यादव तथा विक्रेता श्री तुलेश्वर राणा पिता स्व0 चमन राणा ग्राम नोनगॉव के द्वारा दाखिल खारीज हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है, जिसे दिनांक 19.04.2025 को कार्यालय द्वारा नोटिस निर्गत कर मूल राजस्व कागजात कि मांग किया गया, जिसपर दिनांक 26.05.2025 को उसी ग्राम के श्री चौधरी साव, श्री दुलार साव व श्री सुभाष साव सभी के पिता स्व0 बासुदेव साव तथा श्री रघुनंदन साव पिता स्व0 बिशेश्वर साव के द्वारा आवेदन देकर उक्त दाखिल खारीज को रोक लगाने हेतु आपत्ति/अनुरोध किया गया है। अतः दोनों पक्षो को नोटिस निर्गत कर संबंधित भूमि का राजस्व कागजात कि मांग करें तथा हल्का राजस्व उपनिरीक्षक/प्रभारी अंचल निरीक्षक से जाँच प्रतिवेदन की मांग करें, अभिलेख दिनांक..10/6/2025........को उपस्थापित करें।<br>(हस्ताक्षर) 26/5/2025<br>अंचल अधिकारी,<br>पत्थलगडा । | |
| | अभिलेख उपस्थापित।<br>दोनों पक्ष उपस्थित हुए एवं राजस्व कागजात की छायाप्रति प्रस्तुत किया। राजस्व उपनिरीक्षक/प्रभारी अंचल निरीक्षक ने प्रतिवेदित किया है कि मौजा नोनगॉव के थाना सं0-67 में ऑनलाईन पंजी-II के पृ0सं0-66/1 पर खाता सं0-70, खेसरा सं0-618, रकवा-0.47ए0 एवं अन्य खेसरा के साथ कुल रकवा-06.06ए0 भूमि की बिक्रेता तुलेश्वर राणा के बाबा खेदु बढ़ई के नाम से वर्ष 2024-25 तक लगान रसीद निर्गत है एदं बिक्री की गई भूमि सर्वे खतियान के अनुसार बकास्त खाता दर्ज है।<br>स्थल जाँच के क्रम मे पाया गया कि प्रश्नगत् भूमि वर्तमान में परती है।<br>पुनः दोनों पक्षो को नोटिस निर्गत कर संबंधित भूमि का अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस निर्गत करें। अभिलेख दिनांक....17/6/2025......को उपस्थापित करें।<br>(हस्ताक्षर) 17/6/2025<br>अंचल अधिकारी,<br>पत्थलगडा । | |
| 17/6/2025 | अभिलेख उपस्थापित।<br>प्रथम पक्ष अनुपस्थित एवं द्वितीय पक्ष उपस्थित। अद्योहस्ताक्षरी के व्यस्थतता के कारण अभिलेख की कारवाई नहीं हो सकी। अतः दोनों पक्षो को नोटिस निर्गत कर संबंधित भूमि का अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस निर्गत करें। अभिलेख दिनांक....04/07/2025.....को उपस्थापित करें।<br>(हस्ताक्षर) 17/6/2025<br>अंचल अधिकारी,<br>पत्थलगडा । | |

2

| | | |
|---|---|---|
| .025 | अभिलेख उपस्थापित।<br>प्रथम पक्ष की ओर से मीना देवी पति चन्द्रमणी यादव अनुपस्थित एवं तुलेश्वर राणा उपस्थित हुए जबकि द्वितीय पक्ष की आरे से चौधरी साव वो रधुनन्दन साव उपस्थित हुए तथा अन्य दो व्यक्ति अनुपस्थित रहें।<br>प्रथम पक्ष तुलेश्वर राणा पिता चमन राणा के द्वारा बतलाया गया कि बिक्री की गई भूमि इनके दादा छ्दु मिस्त्री के नाम से खतियान के द्वारा प्राप्त है। जिसे केवाला सं0-1434 द्वारा मिना देवी पति श्री चन्द्रमणी यादव को खाता सं0-70, प्लॉट सं0-618, रकवा-0.14ए0 बिक्री की गई है।<br>द्वितीय पक्ष चौधरी साव पिता स्व0 बासुदेव साव के द्वारा बतलाया गया कि प्रश्नगत् भूमि इनके पिता बासुदेव साव को निलामी से प्राप्त हुआ जिसका कागजात प्रस्तुत किया गया है।<br>प्रस्तुत निलामी कागजात में भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, चतरा के न्यायालय में भूमि लगान निर्धारण केश नं0-179/1970 एवं 282/1973 के आलोक में अंचल कार्यालय ईटखोरी के विविध वाद सं0-36/1982-83 मे पारित आदेशानुसार यह मांग दर्ज किया गया है।<br>द्वितीय पक्ष रधुनन्दन साव पिता स्व0 बिशेश्वर साव के द्वारा बतलाया गया कि वर्तमान में यह मामला व्यवहार न्यायालय, चतरा के न्यायालय में ADJ के पास वाद सं0-14/2020 दुलार साव बनाम रधुनन्दन साव लंबित है।<br>स्थल जाँच के क्रम में तथा स्थानीय पुछ-ताछ में बतलाया गया कि उक्त भूमि लगभग 30 वर्षो से परती है।<br>दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत कागजातों के अवलोकन से प्रथम पक्ष का दावा इनके दादा खेदु बढ़ई पिता जैदनाथ बढ़ई के नाम से खतियान द्वारा प्राप्त है तथा ऑनलाईन पंजी-II के पृ0सं0-66 पर खाता सं0-70, प्लॉट सं0-618, रकवा-47डी0 एवं अन्य प्लॉटों के साथ जमाबंदी कायम है। द्वितीय पक्ष चौधरी साव वगै0 का दावा इनके पिता बासुदेव साव वो दुलार साव वगै0 को निलामी से प्राप्त है जो ऑफलाईन पंजी-II के पृ0सं0-122/3 खाता सं0-70 एवं अन्य खाता, रकवा-53.11ए0 भूमि दर्ज है।<br>इस प्रकार दोनों पक्षों के पूर्वजों के नाम से पंजी-II में जमाबंदी कायम है, इससे यह प्रतीत होता है कि यह मामला दोहरी जमाबंदी का है। विक्रेता द्वारा दिनांक 04.07.2025 को उपस्थित होकर आवेदन के माध्यम से नामान्तरण वाद सं0-08/25-26 को तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया है। द्वितीय पक्ष का वाद व्यवहार न्यायालय, चतरा में लंबित रहने के कारण वर्तमान के लिए अभिलेख की कार्रवाई स्थगित रखी जाती है।<br>लेखापित एवं संशोधित<br>अंचल अधिकारी,<br>पत्थलगड़ा ।<br><br>अंचल अधिकारी,<br>पत्थलगडा । | |

Digitally signed by localhost
Date: 2025.07.26 11:26:16 +05:30
Location: 192.168.31.136